

RNI No.: UPHIN/25/A1698
NAVSARJAN SANSKRUTI

# नवसर्जन संस्कृति

नवसर्जन संस्कृति

लखनऊ से प्रकाशित दैनिक

वर्ष : 01
अंक : 103
दि. 11.08.2025,
सोमवार
पाना : 04
किंमत : 00.50 पैसा

EDITOR : VINOD KUMARI Regd. Office : B/13, Sneh Plaza Shopping Centre, I.O.C. Road, Chandkheda, Ahmedabad-382 424, Gujarat, India.

Phone : 76983 33307 (M) 84859 51747, 70963 33307 ● Email : navsarjansanskruti2016@gmail.com ● Email : navsarjansanskruti2016@yahoo.com ● Website : www.navsarjansanskruti.com


## 'ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान को घुटनों पर लाए' - पीएम

(जीएनएस)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 अगस्त 2025 को बेंगलुरु में एक धमाकेदार दौरा किया, जहां उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को भारत की ताकत का प्रतीक बताया। साथ ही पीएम मोदी ने शहर को 'नए भारत' का चेहरा करार दिया।

'नेक्स्ट-जेन मोबिलिटी फॉर ए नेक्स्ट-जेन सिटी' कार्यक्रम में कन्नड़ में बोलकर बेंगलुरुवासियों का दिल जीतने वाले पीएम ने मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, और डिजिटल क्रांति का डंका बजाया। इस दौरे में मेट्रो प्रोजेक्ट्स, वंदे भारत ट्रेनों का उद्घाटन, और विकास परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल रहा।

पीएम मोदी ने बेंगलुरु में अपने पहले दौरे में ऑपरेशन सिंदूर को भारत की ताकत का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा, '6-7 मई की रात को भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। चंद



घंटों में पाकिस्तान घुटनों पर आ गया। पूरी दुनिया ने भारत का 'रुद्र रूप' देखा।' यह ऑपरेशन पहलगाम आतंकी हमले (22 अप्रैल 2025) का जवाब था, जिसमें 26 लोगों की जान गई थी। 100 से ज्यादा आतंकियों को ढेर करने वाले इस ऑपरेशन में मेक इन इंडिया हथियारों और बेंगलुरु के युवाओं की टेक्नोलॉजी का बड़ा योगदान रहा।

2. मेक इन इंडिया और बेंगलुरु की ताकत

पीएम ने मेक इन इंडिया को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का आधार बताया। उन्होंने कहा, 'हमारी मिसाइलें, ड्रोन, और हथियारों ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह किया। बेंगलुरु के युवाओं ने इस टेक्नोलॉजी को बनाने में अहम भूमिका निभाई।' सेमीकंडक्टर मिशन और मेड इन इंडिया चिप्स जल्द ही भारत की ताकत बढ़ाएंगे। प्ऋएम्ऋ ने जोर दिया कि बेंगलुरु भारत को ग्लोबल टेक हब बनाने में अगुआ है।

पीएम ने बेंगलुरु मेट्रो की यलो लाइन (आरवी रोड-बोम्मसंद्रा, 19.15 किमी, 16 स्टेशन) का उद्घाटन किया, जिसकी लागत 7,160 करोड़ रुपये है। इस लाइन से बेंगलुरु मेट्रो का नेटवर्क 96 किमी से ज्यादा हो गया, जो रोजाना 8 लाख यात्रियों की जिंदगी आसान बनाता है। पीएम ने खुद आरवी रोड से इलेक्ट्रॉनिक सिटी तक मेट्रो में सफर किया और स्टूडेंट्स से बातचीत की।

पीएम ने बेंगलुरु मेट्रो फेज-3 (ऑरेंज लाइन) का शिलान्यास किया, जिसकी लागत 15,610 करोड़ रुपये है।

## 'सबूत है तो' अदालत या चुनाव आयोग जायें, राहुल गांधी के 'वोट चोरी' के आरोपों पर महाराष्ट्र डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने दी चुनौती

(जीएनएस)।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में वोटों की धांधली का आरोप एक बार फिर लगाया है। उन्होंने कहा भाजपा और चुनाव आयोग ने मिलीभगत करके महाराष्ट्र चुनाव चुराया है। पहले महाराष्ट्र सीएम देवेंद्र फडणवीस ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि राहुल गांधी के दिगाम की चिप चोरी हो गई है। वहीं अब महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने राहुल गांधी को इन आरोपों को लेकर चुनौती दी है।

डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने 'वोट चोरी' के आरोपों पर ठाणे में एक कार्यक्रम के दौरान प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने राहुल गांधी के आरोपों को 'बेबुनियाद' बताते हुए कहा कि ऐसे दावे करके उन्होंने महाराष्ट्र की जनता का अपमान किया है। "यदि राहुल गांधी के पास कोई सबूत है तो उन्हें अदालत या चुनाव आयोग का रुख करना चाहिए।"

बता दें, राहुल गांधी ने गुरुवार (7 अगस्त, 2025) को आरोप लगाया था कि भाजपा और भारतीय चुनाव आयोग के बीच 'मिलीभगत' के चलते चुनावों में 'बड़ा आपराधिक धोखाधड़ी' हुई है। उन्होंने पिछले साल कर्नाटक के एक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता सूचियों के विश्लेषण का हवाला दिया था।



एक दिन बाद, गांधी ने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव आयोग और भाजपा ने मिलकर लोगों से लोकसभा चुनाव 'चुराया' है, और कम से कम तीन राज्यों में 'वोट चोरी' हुई है। उन्होंने यह भी दावा किया था कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव परिणामों (पिछले साल) ने कांग्रेस के इस संदेह की पुष्टि की कि चुनाव 'चुराया' गया था।

इन आरोपों के बारे में पूछे जाने पर, शिंदे ने किसी का नाम लिए बिना, विपक्ष द्वारा सार्वजनिक रूप से 'बेतुके आरोप' लगाने की आलोचना की। उन्होंने कहा, "अगर उनके पास सबूत हैं, तो उन्हें अदालत या चुनाव आयोग जाना चाहिए। ऐसे निराधार दावे करके, उन्होंने महाराष्ट्र के उन नागरिकों का अपमान किया है, जिन्होंने महायुति (जिसमें भाजपा, शिवसेना और राकांपा शामिल हैं) को चुना, साथ ही हमारी बहनों, भाइयों, किसानों और राज्य के लोगों का भी।"

गौरतलब है कि राहुल गांधी द्वारा 'वोट चोरी' को "हमारे लोकतंत्र पर एक परमाणु बम" बताए जाने के तुरंत बाद, कर्नाटक और महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों ने उनसे उन मतदाताओं के नाम साझा करने को कहा था, जिनके बारे में उनका दावा था कि वे मतदाता सूची में 'गलत' थे।

## सीएम बोले-सदन में पूरी तैयारी से आएं मंत्री, विपक्ष के आरोपों पर दें करारा जवाब; आज से शुरू होगा सत्र

लखनऊ (जीएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सोमवार से शुरू होने वाले विधानमंडल के मानसून सत्र में सभी मंत्री पूरी तैयारी के साथ आएं ताकि विपक्ष को करारा जवाब दिया जा सके। विधायकों द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्नों के जवाब संतुष्ट करने वाले होने चाहिए। विपक्ष के सदस्यों के अधिक से अधिक सवालों का तथ्यपरक जवाब दिया जाए। उन्होंने सदन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभी विधायकों से चर्चा में भाग लेने को कहा। वह रविवार को भाजपा विधानमंडल दल की बैठक को संबोधित कर रहे थे।



सीएम ने कहा कि सभी विधायक विजन डॉक्यूमेंट पर चर्चा में शामिल हों। इस दौरान वह अपने क्षेत्र में विकास से संबंधित योजनाओं का खाका भी पेश करें। इससे जनता में भी उनके प्रति अच्छा संदेश जाएगा। इस विषय पर सदन में 24 घंटे से अधिक समय चर्चा की जानी है। यह देश और प्रदेश की प्रगति का आधार बनेगी, लिहाजा प्रत्येक सदस्य की मौजूदगी और सक्रियता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सदन की उच्च गरिमा और मयार्दा को बनाए रखते हुए गंभीर चर्चा को आगे बढ़ाने से लोकतंत्र के प्रति आमजन की आस्था बढ़ती है। प्रदेश सरकार राज्य के विकास एवं जनकल्याण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। इस अवसर पर दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक समेत तमाम मंत्री और विधायक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### इंतजार खत्म, बेंगलुरु मेट्रो के येलो लाइन का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

आखिरकार इंतजार हुआ खत्म, पीएम मोदी ने रविवार को बेंगलुरु मेट्रो रेल की बहुप्रतीक्षित 'येलो लाइन' का उद्घाटन किया। यह नई लाइन शहर के आईटी हब को जोड़ने वाले कई व्यस्त गलियारों में यातायात की भीड़ कम करने में अहम रोल निभाएगी।



उद्घाटन के बाद, प्रधानमंत्री ने आरवी रोड (रविगुड्डा) से इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो यात्रा की। इस दौरान उन्होंने छात्रों के साथ बातचीत भी की, पीएम मोदी के बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## राहुल गांधी के नेतृत्व में 300 सांसद चुनाव आयोग के खिलाफ निकालेंगे विरोध मार्च, मल्लिकार्जुन खड़गे देंगे डिनर

(जीएनएस)।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सोमवार को इंडिया गठबंधन के सांसदों के लिए डिनर का आयोजन करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, यह बैठक बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और कथित चुनावी धांधली के खिलाफ विपक्ष की एकजुटता के प्रयासों के बीच हो रही है। वहीं लगभग 300 लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों को साथ चुनाव आयोग के दफ्तर तक इन मुद्दों को लेकर विरोध मार्च निकालेंगे।

हाल ही में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आवास पर इंडिया गठबंधन के शीर्ष नेताओं की डिनर मीटिंग हुई थी, जिसमें उन्होंने बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण और बीजेपी-चुनाव आयोग के कथित "वोट चोरी मॉडल" का विरोध करने का संकल्प लिया था। यह बैठक जून 2024 में लोकसभा चुनाव के बाद, खड़गे के आवास पर हुई भौतिक मीटिंग के बाद पहली बार थी।



विपक्षी नेताओं की एकजुटता

इस बैठक में 25 दलों के नेता शामिल हुए, जिनमें मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, एनसीपी-एसपी प्रमुख शरद पवार, नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला, पीडीपी की महबूबा मुफ्ती, सपा के अखिलेश यादव, राजद के तेजस्वी यादव, टीएमसी के अभिषेक बनर्जी, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे, डीएमके के तिरुचि शिवा और टी आर बालू, सीपीआई(एम) के एम ए बेबी, सीपीआई के डी राजा, सीपीआई(एमएल) के स्रिंल्ल'१ भट्टाचार्य और एमएनएम प्रमुख कमल हासन शामिल रहे।

बैठक के दौरान राहुल गांधी ने बीजेपी द्वारा चुनाव आयोग के जरिए कथित "वोट चोरी मॉडल" पर प्रेजेंटेशन दिया। कांग्रेस के अनुसार, उन्होंने विस्तार से बताया कि किस तरह चुनाव "रिग" किए जा रहे हैं। कांग्रेस ने (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, "चुनावी हेरफेर के खिलाफ एकजुट मोर्चा! हम लोकतंत्र को बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इसे किसी भी कीमत पर खत्म नहीं होने देंगे।"

ये भी पढ़ें फ्रँ' ऋ्लर्ॉ: 'वोट चोरी' के खिलाफ राहुल गांधी ने शुरू किया डिजिटल कैंपेन, एउक के खिलाफ मांगा जनता का साथ

विपक्षी दल बिहार में चल रहे रक्क्र अभ्यास का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे बड़ी संख्या में मतदाता अपने अधिकारों से वंचित हो सकते हैं। इससे पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी ने बीजेपी और चुनाव आयोग के बीच कथित मिलीभगत के चलते चुनावों में "बड़े आपराधिक धोखाधड़ी" के आरोप लगाए थे।

कांग्रेस के लोकसभा में डिप्टी लीडर गौरव गोगोई ने कहा, 'जिस तरह संसद में विपक्षी दल राष्ट्रीय हित में एकजुट रहे और सरकार को घेरा, वैसी ही एकता इस बैठक में भी दिखाई दी।'

### पूरे प्रदेश के लिए डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं में एक अनुकरणीय मॉडल बनकर उभर रहा है बस्तर संभाग

बस्तर संभाग में नेक्स्ट जेन ई-हॉस्पिटल, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन तथा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का प्रभावी क्रियान्वयन क्षेत्र के लिए एक बड़ा परिवर्तन साबित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा बस्तर संभाग में स्वास्थ्य सेवाओं के सशक्त विस्तार की दिशा में लगातार सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के सतत मार्गदर्शन में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं आज तकनीक के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं।



बस्तर के छ :जिला चिकित्सालयों, दो सिविल अस्पतालों और 41 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में नेक्स्ट जेन ई-हॉस्पिटल प्रणाली का सफल संचालन किया जा रहा है, जिससे ओपीडी पंजीकरण, परामर्श, जांच, दवा वितरण तथा मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी सभी जानकारियां अब एक डिजिटल मंच पर उपलब्ध हो रही हैं।

### मोदी के मंत्री सुरेश गोपी की 'गुमशुदगी' की रिपोर्ट! लेकिन सोशल मीडिया पर हैं एक्टिव, खुद बताया कहां हैं?

नरेंद्र मोदी सरकार में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस तथा पर्यटन राज्य मंत्री और भाजपा सांसद सुरेश गोपी को लेकर 'गुमशुदगी' की शिकायत दर्ज कराई गई है। केरल स्टूडेंट्स यूनियन (KSU) के एक नेता गोकुल गुरुवायूरने दावा किया कि त्रिशूर लोकसभा सांसद सुरेश गोपी पिछले तीन महीनों से अपने संसदीय क्षेत्र नहीं आए। उन्होंने रविवार (10 अगस्त) को पुलिस में उनकी 'गुमशुदगी' की शिकायत दर्ज कराई। हालांकि ये शिकायत ईमेल के जरिए ईस्ट पुलिस को शिकायत भेजी गई है। गोकुल गुरुवायूर ने कहा है कि वो सोमवार (11 अगस्त) को शिकायक की हार्ड कॉपी पुलिस स्टेशन में सौंपेंगे।



## जीतनराम मांझी ने एनडीए में दरार के दावों को किया खारिज, 'हम एकजुट हैं, विपक्षी दल अपने स्वार्थ के लिए ऐसी बातें कर रहे'

(जीएनएस)।

बिहार विधानसभा चुनाव में अब गिनती के दिन बचे हैं और गठबंधन में सीट शेयरिंग की चर्चा शुरू हो गई है। इधर विपक्षी दल एनडीए में फूट के दावे कर रहे हैं। पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव तो यहां तक कह चुके हैं कि नीतीश कुमार अब बीमार हैं और उनकी पार्टी और सरकार बीजेपी ने हाइजैक कर ली है। इस बीच केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने एनडीए में दरार की खबरों को नकारते हुए कहा कि विपक्षी दल अपने स्वार्थ के लिए ऐसी बातें कर रहे हैं। हमारे यहां सब कुछ लगभग तय है और जल्द सीट बंटवारे की घोषणा भी हो जाएगी।

केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा, 'एनडीए में दरार वाली बातें बिल्कुल झूठ हैं। हम एकजुट हैं और पूरा गठबंधन ताकत के साथ चुनाव लड़ेगा। बिहार में फिर एक बार एनडीए की सरकार बनेगी, क्योंकि प्रदेश के लोगों की भी यही इच्छा है।' उन्होंने यह भी कहा कि सीट बंटवारे की बात भी लगभग तय है और सभी पार्टियों को सम्मानजनक बंटवारे पर संतोष करना होगा।



एनडीए में दरार की खबरों पर जीतनराम मांझी ने कहा, 'हमारे यहां कोई विवाद नहीं है और सब कुछ आपसी सहमति से लगभग फाइनल है। विपक्षी दल जनता को गुमराह करने के लिए ऐसे दावे कर रहे हैं। उन्हें अपना घर देखना चाहिए।' उन्होंने तेजस्वी यादव और राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग चुनाव आयोग पर आरोप लगा रहे हैं। तेजस्वी जी पहले बताएं कि उनके पास दो एढक्ठ नंबर कहां से आया है? सबको पता चल गया है कि उन्होंने छल-कपट का सहारा लिया है। ऐसा नहीं होता, तो आज वह विपक्ष में नहीं होते।

केंद्रीय मंत्री ने एनडीए में सीट बंटवारे पर कहा कि सब कुछ तय है। सभी पार्टियों को गठबंधन में जो भी सीटें मिलेंगी उस पर संतोष करना होगा।






## बाढ़ पीड़ितों को मिली राहत सामग्री

### गोला तहसील के बिजुआ ब्लाक में 155 परिवारों को वितरित की गई राहत किट

बिजुआ खीरी। गोला तहसील क्षेत्र के बिजुआ ब्लाक के पूजागाव आषाढ़ी में स्थापित बाढ़ राहत शिविर में रविवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर राहत सामग्री वितरित की गई।

गोला के नायब तहसीलदार भानू प्रताप ने जंगल नम्बर 09 के 35 और मुड़िया के 120 बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री पैकेट वितरित किए।नायब तहसीलदार ने बताया कि प्रदेश में पहली बार बाढ़ पीड़ितों को 26 प्रकार की राहत सामग्री वाली किट दी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वितरण में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया गया है।भानू प्रताप ने प्रधानों और बाढ़ राहत चौकियों पर तैनात राजस्व कर्मचारियों को निर्देश दिए।




उन्होंने कहा कि अन्य बाढ़ प्रभावित गांवों के पीड़ित परिवारों की जानकारी एकत्र करें। इससे सभी लोगों को जल्द से जल्द राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा सकेगी।

इस वर्ष की बाढ़ राहत किट में विविध सामग्री शामिल है। इसमें 10 किलो आटा, 10 किलो चावल, 2 किलो अरहर दाल, 2 किलो भुना चना और 1 किलो नमक है। साथ ही 1 लीटर रिफाइंड तेल, 10 पैकेट बिस्कुट, 1 किलो चीनी, एक मग और एक त्रिपाल भी दिया गया है।किट में 200 ग्राम हल्दी, 100 ग्राम मिर्च, 200 ग्राम सब्जी मसाला, मोमबत्ती और माचिस का एक-एक पैकेट भी शामिल है। इसके अतिरिक्त नहाने का साबुन, कपड़े धोने का साबुन, 20 पीस सेनेटरी पैड, 20 पीस डिस्पोजेबल बैग और 100 एमएल डिटॉल या सावलान भी दिया गया है।राहत सामग्री में 1 मीटर सूती कपड़ा, एक तौलिया, 10 किलोग्राम आलू, 18 लीटर की ढक्कन वाली बाल्टी और ढाई किलो लइयाँ भी शामिल है।इस दौरान लेखपाल राजीव वर्मा, अमन सत्यार्थी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल ने माल परिवहन में बनाया नया कीर्तिमान

- सनोसरा गुड्स शेड से दहेज के लिए इंडस्ट्रियल सॉल्ट की पहली रेक का लदान कर किया रवाना
- इस पहली रेक में 58 वैगनों में 3851.2 टन इंडस्ट्रियल सॉल्ट लोड किया जिससे रेलवे को रु. 31.69 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ

(जीएनएस)।

पश्चिम रेलवे का अहमदाबाद मंडल, इस जोन का प्रमुख माल लदान मंडल है, जो पश्चिम रेलवे द्वारा लदान किए जाने वाले कुल माल ढुलाई का लगभग 40% योगदान देता है। इस मंडल में मुंद्रा, टुना टेकरा और कांडला जैसे तीन बड़े बंदरगाह हैं, जो गांधीधाम क्षेत्र में स्थित हैं जो मंडल के कुल माल यातायात का 80% से अधिक योगदान देते हैं। मंडल से विभिन्न प्रकार का माल भेजा जाता है, जिसमें कंटेनर में भरा माल, पेट्रोलियम उत्पाद (ढडछ), खाद, आयातित कोयला, नमक, गाड़ियाँ, खाने का तेल और बेंटोनाइट आदि शामिल हैं।

मंडल के माल परिवहन कार्यों को मजबूत बनाने के लिए इसमें कुल 76 माल ढुलाई केन्द्र हैं, जिनमें 07 गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल, 06 निजी माल टर्मिनल, 16 निजी साइडिंग, 37 गुड्स शेड और 08 बंदरगाह टर्मिनल शामिल हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में इन सुविधाओं से लगभग 46.77 मिलियन टन माल का लदान किया गया। इस कुल लोडिंग में से मुंद्रा बंदरगाह का योगदान 21.33 मिलियन टन, कांडला बंदरगाह का 6.10 मिलियन टन और टुना टेकरा बंदरगाह का 1.27 मिलियन टन रहा, जो मिलाकर मंडल की कुल लोडिंग का लगभग 61.36% बनता है।



अहमदाबाद मंडल ने माल परिवहन के क्षेत्र में एक और मील का पत्थर स्थापित किया है। 9 अगस्त 2025 को गांधीधाम क्षेत्र के सनोसरा गुड्स शेड से (बीडीआरसीएल) दहेज के लिए इंडस्ट्रियल सॉल्ट की पहली रेक का सफलतापूर्वक लदान किया गया। इस रेक में 58 इडठलछ वैगन शामिल थे, जिनमें कुल 3851.2 टन इंडस्ट्रियल सॉल्ट लोड किया गया। यह माल चौगुले सॉल्ट वर्क्स (प्रा.) लिमिटेड का था, जिसे वडोदरा मंडल के (बीडीआरसीएल) दहेज के लिए भेजा गया। इस रेक ने 673.57 किलोमीटर की दूरी तय की, जिससे रेलवे को ₹31.69 लाख का मालभाड़ा प्राप्त हुआ।

यह उपलब्धि भारतीय रेल की हाल ही में अपनाई गई सक्रिय विपणन नीति का परिणाम है। इस नीति के अंतर्गत ग्राहकों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी जरूरतों को समझा गया और उन्हें अनुकूल समाधान प्रदान किए गए। इस रणनीति से न केवल रेलवे की आय बढ़ी है, बल्कि उद्योगों को भी सुलभ और भरोसेमंद परिवहन सेवा उपलब्ध हुई है।

इस अभिनव प्रयास से इंडस्ट्रियल सॉल्ट के लंबी दूरी तक रेल परिवहन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इससे न केवल रेलवे को न्यू बिजनस मिला है, बल्कि ग्राहक विश्वास में भी वृद्धि देखने को मिली है, जो रेलवे की तत्परता और सोफ्टनेस को दशार्ता है। इस पहल से सनोसरा और गांधीधाम क्षेत्र की औद्योगिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्रीय औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। इसके साथ ही रेलवे के राजस्व में भी इजाफा हुआ है, जो उसकी आर्थिक मजबूती में सहायक सिद्ध हो रहा है। इसके अतिरिक्त, थोक सामग्री के परिवहन में सड़क की अपेक्षा रेल को प्राथमिकता देने से यह एक पर्यावरण अनुकूल विकल्प के रूप में उभर कर सामने आया है।

अहमदाबाद मण्डल में अगले 2-3 सालों में 6 और ऋळ (गुड्स कार्गो टर्मिनल) बनाये जाने जाएंगे, जिससे इस क्षेत्र में रेलवे का परिवहन में हिस्सा और बढ़ेगा। नलिया और वायोर के बीच नई रेल लाइन बनने से अल्ट्राटेक सीमेंट (सेवाग्राम) और अडानी सीमेंट लिमिटेड (सांगहीपुरम) के प्लांट्स को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। इन दोनों सीमेंट प्लांट्स की वर्तमान उत्पादन क्षमता 1.2 करोड़ टन प्रति वर्ष है, जो अगले 2-3 सालों में बढ़कर 1.8 करोड़ टन होने की संभावना है।

# 'मुन्नाभाई' यानी संजय दत्त ने 'बीवी नंबर-1' की बेटी त्रिशाला दत्त को भेजा ऐसा मैसेज, तीसरी पत्नी को लगी मिर्ची?

(जीएनएस)।

बॉलीवुड के 'मुन्नाभाई' यानी संजय दत्त ने अपनी लाडली बेटी त्रिशाला दत्त के 37वें जन्मदिन पर प्यार की झड़ी लगा दी। 10 अगस्त 2025 को त्रिशाला के बर्थडे पर संजय ने इंस्टाग्राम पर एक अनदेखी तस्वीर शेयर की, जिसमें पिता-बेटी की बॉन्डिंग ने फैंस का दिल जीत लिया।

तीन शादियां करने वाले संजय ने अपनी पहली पत्नी ऋचा शर्मा की बेटी के लिए ऐसा इमोशनल मैसेज लिखा, जो सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है। आइए, इस खास खबर को जानते हैं....

त्रिशाला और संजय की प्यारी ट्विनिंग

संजय ने इंस्टाग्राम पर त्रिशाला के साथ एक बेहद खूबसूरत तस्वीर पोस्ट की। इस फोटो में दोनों ब्लैक आउटफिट में ट्विनिंग करते दिखे। त्रिशाला ने अपने पापा को प्यार से गले लगाया हुआ है, जबकि संजय की चमकती मुस्कान उनके पिता के प्यार को बयां कर रही है। त्रिशाला कैमरे की ओर देखकर स्माइल दे रही हैं, और यह पल हर किसी को इमोशनल कर रहा है।




संजय ने कैप्शन में लिखा, 'हैप्पी बर्थडे त्रिशाला! तुम मेरी ताकत हो, हमेशा तुम पर गर्व रहेगा और प्यार करता रहूंगा।' इस पोस्ट पर फैंस ने बधाइयों की बौछार कर दी। राहुल देव समेत कई सेलेब्स ने कमेंट में त्रिशाला को विश किया। कुछ ही घंटों में पोस्ट को लाखों लाइक्स और कमेंट्स मिल चुके हैं। एक फैन ने लिखा, 'संजय सर और त्रिशाला की जोड़ी बेस्ट है!'

त्रिशाला दत्त कौन हैं?

त्रिशाला दत्त संजय दत्त और उनकी पहली पत्नी ऋचा शर्मा की इकलौती बेटी हैं। संजय और ऋचा की शादी 1987 में हुई थी, और 10 अगस्त 1988 को त्रिशाला का जन्म हुआ। लेकिन 1996 में ऋचा का ब्रेन ट्यूमर से निधन हो गया, जिसके बाद त्रिशाला अपनी नाना-नानी के साथ अमेरिका चली गईं। वर्तमान में त्रिशाला न्यूयॉर्क में रहती हैं और मनोविज्ञान व काउंसलिंग से जुड़े प्रोफेशन में काम करती हैं, हालांकि उनका सटीक पेशा सार्वजनिक नहीं है। त्रिशाला सोशल मीडिया पर अपनी फिटनेस और लाइफस्टाइल पोस्ट्स के लिए जानी जाती हैं।

संजय दत्त की जिंदगी में तीन शादियां रहीं:-

ऋचा शर्मा: 1987 में शादी, 1996 में निधन। त्रिशाला उनकी इकलौती बेटी हैं।

रिया पिल्लई: 1998 में मॉडल रिया से शादी, लेकिन 2008 में तलाक।

मान्यता दत्त: 2008 में गोवा में शादी, बाद में हिंदू रीति-रिवाज से वैध। मान्यता से जुड़वां बच्चे शहरान और इकरा।

संजय का वर्कफ्रंट: 'धुरंधर' में धमाल

संजय दत्त जल्द ही रणवीर सिंह के साथ 'धुरंधर' में नजर आएंगे। फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज हो चुका है, जिसमें संजय का दमदार अंदाज देखने को मिला। यह फिल्म 5 दिसंबर 2025 को रिलीज होगी। इसके अलावा, वह 'वेलकम टू द जंगल' और 'हाउसफुल 5' में भी दिखेंगे।

# अमेठी में दिल दहलाने वाला मामला, घरेलू कलह से परेशान हो, नशीली दवा खिलाकर पत्नी ने काटा पति का प्राइवेट पार्ट

(जीएनएस)।

उत्तर प्रदेश के अमेठी जनपद से हैरान करने वाली वारदात पुलिस के सामने आई है। यहां एक महिला अपने पति से घरेलू कलह की वजह से नाराज थी। उससे पीछा छुड़ाने के लिए पहले उसने उसे नशीली चीज पिलाई और फिर चाकुओं से शरीर पर कई वार किए। महिला ने पति का प्राइवेट पार्ट भी काट दिया और वारदात को अंजाम देने के बाद घर से फरार हो गई। पुलिस ने बताया कि जनपद के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मैगलगंज कचनाव गांव का है। पुलिस ने अंसार अली नाम के व्यक्ति की शिकायत पर केस दर्ज किया है।

पुलिस ने बताया कि अमेठी जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मैगलगंज कचनाव गांव में अंसार अली अपनी दो पत्नियों के साथ रहता है। दोनों पत्नियों के बीच भी घर में रोज कहा-सुनी होती रहती थी। उसकी दूसरी पत्नी को कहीं से उसके एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर की जानकारी मिल गई थी। इसकी वजह से दोनों के बीच में अक्सर झगड़े होते थे। घटना वाले दिन भी दोनों का झगड़ा हुआ था।




रायबरेली एम्स में चल रहा है पति का इलाज

पुलिस ने बताया कि अंसार अली की हालत गंभीर है और उसे रायबरेली एम्स रेफर किया गया है। पुलिस के पास दर्ज शिकायत के मुताबिक, रविवार की सुबह ही उसकी दूसरी पत्नी ने उसे खाना-पीना दिया था जिसमें कुछ नशीली चीज मिला दी थी। नशे के असर में वह नीम बेहोशी की हालत में था। इसी दौरान पत्नी ने उस पर चाकुओं से कई बार हमला किया और उसका प्राइवेट पार्ट काट डाला। घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गई। घायल अवस्था में उसे परिवार और आसपास के लोगों ने अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को मामले की जानकारी दी है।

यह भी पढ़ें: जलमग्न हुई 'बाबा की नगरी', उत्तर भारत में बारिश का कहर, वाराणसी के 44 गांव बाढ़ की चपेट में

फिलहाल पुलिस ने आरोपी पत्नी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच चल रही है। आरोपी महिला की तलाश के लिए एक टीम भी बनाई गई है। आरोपी महिला का नाम नजनी बताया जा रहा है। पीड़ित पति के भाई ने बताया कि घर से चिल्लाने और लड़ने की आवाज आ रही थी। फिर मैंने भाई के चीखने की आवाज सुनी और उसी समय नजनी को बाहर जाते देखा। हम घर के अंद पहुंचे तो भाई खून से लथपथ थे जिसके बाद उन्हें अस्पताल लेकर आए।

# दरभंगा-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन का बदला मार्ग, देखें डिटेल

(जीएनएस)।

रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु देवरिया सदर-बैतालपुर अप लाइन पर इंजीनियरिंग कार्य हेतु ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन एवं नियंत्रण निम्नवत किया जायेगा।

मार्ग परिवर्तन-

- दरभंगा से 11 अगस्त, 2025 को चलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग सीवान-थावे-कप्तानगंज-गोरखपुर कैंट के रास्ते चलाई जायेगी।



नियंत्रण- - बरौनी से 11 अगस्त, 2025 को चलने वाली 02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी मार्ग में 20 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

इज्जतनगर मंडल पर सफाई मशीनों, औजारों, उपकरणों एवं संयंत्रों की सुचारू कार्य स्थिति तथा सफाई कर्मचारियों के लिये सुरक्षा उपकरण की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। स्टेशनों पर पर्याप्त संख्या में डस्टबिन तथा जोखिम अपशिष्ट, गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण हेतु अलग-अलग डस्टबिन की व्यवस्था की गई। 'यूज द डस्टबिन' एवं ''डोनेट द डस्टबिन' अभियान के अन्तर्गत यात्रियों को जागरूक करने के लिये स्टेशन पर उद्घोषणा किया गया।

स्वच्छता अभियान के प्रथम चरण में इस तरह के स्वच्छता कार्यक्रम पूर्वोत्तर रेलवे पर 15 अगस्त, 2025 तक प्रतिदिन चलाये जायेंगे।

# 'वोट चोरी' के खिलाफ राहुल गांधी ने शुरू किया डिजिटल कैंपेन, ईसीआई से जवाबदेही की मांग में जनता का साथ मांगा

(जीएनएस)।

चुनावी राजनीति में 'वोट चोरी का नया मुद्दा लगातार सुर्खियों में है। राहुल गांधी के चुनावी धांधली के जोरदार आरोपों के बाद कांग्रेस ने एक खास डिजिटल अभियान शुरू किया है, जिसमें आम जनता को भी चुनाव आयोग से जवाबदेही की मांग करने का मौका दिया गया है। इस अभियान के तहत एक वेब पोर्टल लॉन्च किया गया है, जहां लोग डिजिटल वोटर लिस्ट की ट्रांसपेरेंसी के लिए आवाज उठा सकते हैं और राहुल गांधी के दावों का खुलकर सपोर्ट कर सकते हैं।

लोकसभा में विपक्ष के नेता ने एक्स एक पोस्ट में कहा कि, 'वोट चोरी' 'एक व्यक्ति, एक वोट' के मूल लोकतांत्रिक सिद्धांत पर हमला है, और उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए एक साफ-सुथरी वोटर लिस्ट जरूरी है।

उन्होंने कहा कि, 'चुनाव आयोग से हमारी मांग स्पष्ट है- ट्रांसपेरेंसी दिखाएं और डिजिटल वोटर लिस्ट सार्वजनिक करें ताकि जनता और राजनीतिक दल स्वयं इसका ऑडिट कर सकें।'

राहुल गांधी ने लोगों से रजिस्ट्रेशन करके इस मांग का समर्थन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि, 'यह लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई है।'

पोर्टल पर क्या-क्या होगा?



कोई भी पोर्टल लिंक पर क्लिक करके 'वोट चोरी का सबूत, ईसीआई से जवाबदेही की मांग और वोट चोरी की रिपोर्ट' डाउनलोड कर सकता है। राहुल गांधी का एक वीडियो भी है जिसमें उन्होंने भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत से चुनावों में 'बड़े पैमाने पर आपराधिक धोखाधड़ी' होने के अपने विस्फोटक दावों को दोहराया है।

उन्होंने कर्नाटक के एक निर्वाचन क्षेत्र के विश्लेषण का हवाला देते हुए कहा था कि यह 'संविधान के विरुद्ध अपराध' है। पोर्टल पर एक संदेश भी है जिसमें कहा गया है कि वोट हमारे लोकतंत्र की नींव है, लेकिन इस पर 'भाजपा द्वारा सुनियोजित हमला किया जा रहा है, जिसमें चुनाव आयोग भी शामिल है।'

1 लाख से ज्यादा फर्जी मतदाता मिलने का दावा

इसमें लिखा है कि, 'बेंगलुरु मध्य के सिर्फ एक विधानसभा क्षेत्र में, हमें 1 लाख से ज्यादा फजी मतदाता मिले जिन्होंने भाजपा को यह लोकसभा सीट जीतने में मदद की। कल्पना कीजिए कि अगर ऐसा 70-100 सीटों पर हो - तो यह स्वतंत्र चुनावों को नष्ट कर देगा।'

लोकतंत्र की रक्षा के लिए हमारे साथ जुड़ें- कांग्रेस

पोर्टल पर संदेश में लिखा है, 'कांग्रेस और भारत ने पहले भी, महाराष्ट्र सहित, चिंताएं जताई हैं। अब हमारे पास सबूत हैं। हम इस वोट चोरी से पूरी ताकत से लड़ेंगे। हमारे लोकतंत्र की रक्षा के लिए हमारे साथ जुड़ें।'

रजिस्ट्रेशन करते ही राहुल गांधी के दावों को मिलेगी ताकत

जब कोई व्यक्ति पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करता है, तो उसके नाम पर एक सर्टिफिकेट जारी किया जाता है, जिसमें लिखा होता है कि वह 'वोट चोरी' के खिलाफ है।

कांग्रेस के कई नेताओं ने किया रजिस्ट्रेशन

सर्टिफिकेट में लिखा है, 'मैं चुनाव आयोग से डिजिटल मतदाता सूची की राहुल गांधी की मांग का समर्थन करता हूं।' पोर्टल लोगों को एक नंबर पर कॉल करके और एसएमएस में दिए गए लिंक को भरकर पंजीकरण कराने का विकल्प भी देता है। प्रमाणपत्र पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल और कोषाध्यक्ष अजय माकन के हस्ताक्षर हैं। कई कांग्रेस नेताओं और समर्थकों ने पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया और प्रमाणपत्रों को सोशल मीडिया पर शेयर किया।


# पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान और वाणी कपूर की बैन फिल्म 'अबीर गुलाल' अगस्त में होगी रिलीज, मेकर्स ने बदला नाम!

(जीएनएस)।

अप्रैल में हुए पहलगाम हमले के बाद वाणी कपूर और फवाद खान की फिल्म अबीर गुलाल को भारत में बैन कर दिया गया था। ये फिल्म 9 मई 2025 को रिलीज होने वाली थी। लेकिन इसमें पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान के होने की वजह से नहीं रिलीज होने दिया गया था। अब इस फिल्म की रिलीज को लेकर एक बड़ा अपडेट आया है।

मीडिया रिपोर्ट्र्स की माने तो वाण और फवाद की फिल्म इस महीने दुनियाभर में रिलीज होगी। लेकिन ये फिल्म भारत में रिलीज होगी कि नहीं, इस बारे में हम आपको रिपोर्ट में डिटेल में बता रहे हैं।

बिज एशिया लाइव पर छपी रिपोर्ट की माने तो ये फिल्म अगस्त में रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस फिल्म के मेकर्स भी दिलजीत की सरदार जी 3 वाली स्ट्रैटजी अपना रहे हैं। फिल्म में फवाद खान हैं और वो भारत में रिलीज कर किसी प्रकार का कोई रिस्क नहीं लेना चाहते हैं। इसलिए वो सरदार जी 3 के मेकर्स का प्लान कॉपी कर रहे हैं। क्योंकि दिलजीत और हानिया की ये फिल्म भारत छोड़ पूरी दुनिया में रिलीज हुई थी। जिसके बाद फिल्म ने ताबतड़तोड़ कमाई की थी। वहीं, फिल्म ने पाकिस्तान में भी अच्छी कमाई की थी। बता दें, रिपोट्र्स के मुताबिक अबीर गुलाल के मेकर्स ने फिल्म की स्पेलिंग में भी बदलाव किया है। पहले फिल्म का नाम Abir Gulaal था। अब इसका नाम Aabeer Gulaal कर दिया गया है।



हालांकि ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है। सरदार जी 3 की ही तरह 'चल मेरा पुत्त 4' नाम की पंजाबी फिल्म भी भारत के बाहर रिलीज की गई थी। बता दें, पहलगाम हमले बाद भारत में रोष है और लोग पाकिस्तानी आर्टिस्ट को फिर से बैन करने की मांग कर रहे हैं। पुलवामा अटैक के बाद से भारत में ऑल इंडिया सिने वर्कर्स एसोसिएशन (AICWA) ने पाकिस्तानी कलाकारों को भारत में बैन कर दिया था। इसके बाद से भारत में पाकिस्तान के आर्टिस्ट के साथ लोग काम नहीं करते थे। फवाद ने पहली बार 2014 में भारतीय फिल्म में काम किया था। जिसका नाम खूबसूरत था। वहीं, आखिरी बार वो 2016 में आई फिल्म ऐ दिल है मुश्किल में नजर आए थे। इसके 8 साल बाद वो बॉलीवुड में वापसी कर रहे थे। पहलगाम घटना के बाद इस फिल्म की रिलीज डेट में तलवार लटक रही है। अब देखना है ये सेंसर बोर्ड क्या निर्णय लेता है। हालांकि कुछ खबरों में बताया जा रहा है कि फिल्म की रिलीज के लिए अब फिल्म के डिस्ट्रीब्यूटर ही मना कर रहे हैं।

# रोहित शर्मा रिटायर होंगे तो कौन होगा उनकी जगह वनडे ओपनर? 3 खिलाड़ियों में जोरदार टक्कर

(जीएनएस)। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा जब एकदिवसीय क्रिकेट से रिटायर होंगे, तो एक युग का अंत होने जैसा होगा क्योंकि इस प्रारूप में उनका बल्ला जमकर चला है और धमाकेदार अंदाज में उन्होंने रन बनाए हैं। कई कीर्तिमान रोहित शर्मा ने अपने वनडे करियर में बनाए।

वह कब तक खेलेंगे, इसके बारे में तो उनको अच्छी तरह पता है लेकिन अनुमानों के अनुसार शायद वह एक साल तक और खेल पाएंगे। रोहित शर्मा के रिटायरमेंट से दो पोजीशन खाली हो जाएगी। एक तो भारतीय टीम में कप्तान की पोस्ट खाली हो जाएगी।

कप्तान तो किसी न किसी को बना दिया जाएगा लेकिन बड़ा सवाल यह है कि ओपनर कौन होगा। रोहित शर्मा लम्बे समय तक बतौर ओपनर खेलते रहे हैं। उनकी जगह किसी ऐसे खिलाड़ी को देनी होगी, जो लम्बे समय तक इस प्रारूप में खेल सके। तीन नामों के बारे में सोचा जा सकता है, जो इस पोजीशन पर खेल सके।



यशस्वी जायसवाल

इस लिस्ट में पहला नाम यशस्वी जायसवाल का आना चाहिए। वह टेस्ट और टी20 में ओपन करते हैं। रोहित भी यही किया करते थे। रोहित की तरह जायसवाल भी ऑल फॉर्मेट ओपनर हो सकते हैं। उनकी प्रतिभा और आंकड़े तो टेस्ट और टी20 में सभी ने देखे हैं। जायसवाल ओपनर के लिए पहली पसंद होनी चाहिए।

ऋतुराज गायकवाड़

चेन्नई सुपर किंग्स के लिए ओपन करने वाले गायकवाड़ को भी रोहित शर्मा की जगह ओपन कराने के लिए टीम में शामिल किया जा सकता है। ऋतुराज गायकवाड़ ने घरेलू क्रिकेट में अपनी बैटिंग से तहलका मचाने का काम किया है। वह पिच पर लम्बे समय तक खेल पाने में सक्षम हैं। रोहित को रिप्लेस करने के लिए वह उचित दावेदार हैं।

ईशान किशन

एकदिवसीय क्रिकेट में ईशान किशन के नाम एक दोहरा शतक है, वह इस प्रारूप में ओपनर के तौर पर फिट होने के लिए एक शानदार दावेदार हैं। ईशान किशन का अंदाज भी विस्फोटक होता है। गेंदबाजों के ऊपर दबाव बनाने की रणनीति वह रखते हैं। इसके अलावा विकेटकीपर होने का एक अतिरिक्त लाभ भी टीम इंडिया को मिलने वाला है। ईशान किशन इस रोल में फिट बैठते हैं।

# नोएडा में फर्जी पुलिस थाने का पदार्फाश: 'इंटरनेशनल पुलिस' बनकर कैसे करते थे उगाही? 6 अरेस्ट

(जीएनएस)।

नोएडा में एक सनसनीखेज खुलासा हुआ है, जहां गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने 'इंटरनेशनल पुलिस एंड क्राइम इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो' के नाम पर चल रहे फर्जी पुलिस थाने का भंडाफोड़ किया। यह फर्जी दफ्तर सेक्टर-70 में चल रहा था, जहां पश्चिम बंगाल के 6 ठगों ने नकली दस्तावेजों, पुलिस जैसे लोगो, और जाली प्रमाणपत्रों के दम पर लोगों से चंदा उगाही का गोरखधंधा चला रखा था।

पुलिस ने 10 अगस्त 2025 को छापा मारकर इस गिरोह को धर दबोचा और भारी मात्रा में फर्जी सामग्री बरामद की। आइए, इस धमाकेदार खबर को मसालेदार अंदाज में जानते हैं! नोएडा के सेक्टर-70 में बीएस-136 में यह फर्जी दफ्तर



'इंटरनेशनल पुलिस एंड क्राइम इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो' के नाम से चल रहा था। पुलिस की वर्दी, लोगो, और नकली स्टांप का इस्तेमाल कर यह गिरोह खुद को अंतरराष्ट्रीय जांच एजेंसी का हिस्सा बताता था। इन ठगों ने एक वेबसाइट बनाई थी, जहां जाली राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रमाणपत्र दिखाकर लोगों को भरोसा दिलाया जाता था।

ये लोग वेरिफिकेशन और जांच के नाम पर लोगों को डराकर या भ्रमित कर पैसे ऐंठते थे। इंटरपोल, यूरेशिया पोल, और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से जुड़े होने का दावा कर ये ठग ब्रिटेन में भी दफ्तर होने की बात कहते थे। लेकिन नोएडा पुलिस की पैनी नजर ने इनके इस फजीर्वाड़े को शुरू होने के 10 दिन बाद ही धराशायी कर दिया।

पुलिस की दबंग कार्रवाई: 6 ठग गिरफ्तार

थाना फेस-3 पुलिस को गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर रविवार आधी रात को सेक्टर-70 में छापा मारा गया।

RNI No.: UPHIN/25/A1698 Published & Owned by RAGINI JIGNESHKUMAR VAGHELA and Printed By SUSHILA SHUKLA at Krishna Printiers, 271/31 Chakmaki Dugawa, Rajendranagar, Lucknow-226018, Uttar Pradesh. and Published from 538 GHA/85 Pataurganj, Near Janki Prasad Dharmshala, Sitapur Road, Niralanagar, Lucknow-226020, Uttar Pradesh. Editor : VINOD KUMARI

## सम्पादकीय

### ट्रंप टैरिफ चुनौती को दबाव की नीति

ब्रिक्स की इस एकजुटता को शायद ही ट्रंप प्रभावित कर सकें बशर्ते ब्रिक्स देश भी अपने अन्तर्निहित विरोधों, शंकाओं एवं मतभेदों को भुलाकर अमरीकी टैरिफ के विरोध में खड़े हों। यदि ऐसा होता है तो यह न केवल ब्रिक्स के लिए बल्कि सम्पूर्ण विश्व समुदाय के लिए हितकर होगा। क्या ट्रंप ब्रिक्स की एकजुटता को भेद पाएंगे? अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर एक बार फिर 25 प्रतिशत और टैरिफ लगाकर यानी कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाकर यह साबित कर दिया है कि वे वाकई भारत की बढ़ती आर्थिक शक्ति और लोकप्रियता से खौफ खाए हैं। यही नहीं, 25 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ के बाद जो उन्होंने 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, उसके पीछे का कारण भारत द्वारा रूस से तेल खरीदना बताया है। हालांकि टैरिफ की नई दरें 27 अगस्त से लागू होंगी। लेकिन भारत ने उनकी इस टैरिफ चुनौती को दबाव की नीति कहकर उन्हें उनकी ही भाषा में जवाब दे दिया है और अतिरिक्त शुल्क लगाने की अमरीका की कार्रवाई को अनुचित, अन्यायपूर्ण और अविवेकपूर्ण बताया और कहा कि यह देश अपने हितों की रक्षा के लिए झुकने वाला नहीं है, यह हमारा समय है। साथ ही भारत अपने सदाबहार मित्र रूस का साथ नहीं छोड़ सकता और अपने देश की रक्षा और ऊर्जा आवश्यकताओं को देखते हुए जो उसके लिए उचित होगा, वह करेगा। असल में अमरीका को भारत-रूस मैत्री कभी रास नहीं आयी। इसलिए अतीत में भी वह रूस से ऊर्जा और हथियार खरीदने के मसले पर टकराव लेता रहा है। मौजूदा रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत द्वारा अपनाए गए रूख से भी वह नाराज है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इंस्टीट्यूट-जीटीआरआई ने अमरीका के इस पैसले की आलोचना की है। जीटीआरआई ने इसे पाखंडपूर्ण बताया है और मॉस्को के साथ व्यापार के संबंध में, अपने सहयोगियों और चीन के प्रति वाशिंगटन के चयनात्मक रवैये को उजागर किया है। वास्तव में ट्रम्प के इस कदम का कोई तरकिक आधार नहीं है। अमरीका का सबसे बड़ा व्यापार घाटा चीन से है (295 अरब, 2024), जिस पर ट्रंप ने एक समय 145 प्रतिशत शुल्क लगाया था। लेकिन चीन ने दुर्लभ खनिज की आपर्ति रोक दी तो ट्रंप को पीछे हटना पड़ा। अब चीन पर मात्र 30 प्रतिशत टैरिफ है, जबकि वह और तुका भी रूस से तेल आयात करते हैं - फिर सिर्फ भारत को दंड क्यों? इससे यह स्पष्ट होता है कि इस बार भारत के साथ ही अन्य ब्रिक्स देशों पर मनमाने टैरिफ लगाने के पीछे ट्रम्प की मंशा कुछ और नजर आती है और वह ब्रिक्स ऋ की बढ़ती ताकत से चिन्तित हैं। ट्रम्प अपने दूसरे शासनकाल से ही ब्रिक्सऋ को धमकी देते आए हैं।

ब्रिक्स जिसमें ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका संस्थापक सदस्यों के अलावा उसमें जुड़े नए सदस्यों जैसे मिस्र, ईरान, सऊदी अरब, यूएई, इथियोपिया शामिल है। यह संगठन जहां दुनिया की लगभग आधी आबादी के साथ 30 प्रतिशत से अधिक वैश्विक जीडीपी को समेटे है और जिसमें भारत और चीन जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाएं शामिल हैं, वहीं यह वैश्विक दक्षिण का सशक्त मंच है, जो ऊर्जा, व्यापार, निवेश, तकनीक और वैकल्पिक वित्तीय ढांचे को भी बढ़ावा देता है। प्राकृतिक संसाधन, विशाल बाजार, भू-राजनीतिक संतुलन और सामूहिक आवाज़ इसकी प्रमुख ताकत है। इसलिए ब्रिक्स से ट्रम्प की चिन्ता मुख्यतः दो कारणों से है। उनकी पहली और महत्वपूर्ण चिन्ता ब्रिक्सऋ द्वारा कॉमन करेंसी अपनाने की सम्भावना को लेकर है जिस बारे में वह ब्रिक्स को पहले धमकी दे चुके हैं। दूसरी चिन्ता ब्रिक्सऋ द्वारा अंतराष्ट्रीय सहयोग,बहुध्रुवीय और समावेशी विश्व व्यवस्था के निर्माण पर बल देने को लेकर है जिसकी शुरूआत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद्, विश्व स्वास्थ्य संगठन और बहुपक्षीय विकास बैंक जैसी वैश्विक संस्थाओं में व्यापक सुधार के साथ करने के लिए ब्रिक्स के सभी देशों ने आ'न किया है और यहां ट्रम्प को अमरीकी चौधराहट को बरकरार रखने की चुनौती है हालिया 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में जिस प्रकार से ब्राजील के राष्ट्रपति लुला दी सिल्वा ने अप्रत्यक्ष तौर पर अमरीका को चेतावनी दी,उससे भी ट्रम्प असहज दिखायी दिए और उन्होंने तुरन्त ब्राजील पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया लेकिन साथ ही टैरिफ लगाने के बाद यह भी कहा कि यदि लुला उनसे बात करें तो अपना रूख नरम भी कर सकते हैं। लेकिन लुला ने स्पष्ट कर दिया कि वे ट्रम्प से वार्ता करने के बजाय भारत और चीन से बातचीत करना पसन्द करेंगे और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से टेलीफोन पर वार्ता भी की। जहां तक रूस का सम्बन्ध है, यूक्रेन युद्ध, चीन से बढ़ती निकटता और ऊर्जा-हथियार राजनीति के कारण अमरीका रूस को वैश्विक शक्ति संतुलन के लिए खतरा मानता है। दोनों के बीच यह टकराव रणनीतिक, आर्थिक और वैचारिक स्तर पर गहराता जा रहा है। लेकिन रूस पर अमरीका सहित लगभग 50 देशों द्वारा प्रतिबंध लगाने के बावजूद वह जिस प्रकार उठ खड़ा हुआ है, उससे ट्रम्प चिन्तित हैं।

चीन के सम्बन्ध में अमेरिका- चीन ट्रेड वार 2018 में शुरू हुआ, और 2025 में यह नए स्तर पर पहुँच गया— अब 90-दिवसीय टैरिफ विराम के बीच दोनों पक्ष में मुलाक़ात और सौदे की संभावनाएँ खोजी जा रही हैं। लेकिन यहां भी ट्रम्प भारत के अलावा रूस-चीन की 'अनलिमिटेड दोस्ती' से परेशान हैं। इसी प्रकार ट्रम्प की दक्षिण अफ्रीका नीति में 30 प्रतिशत टैरिफ लागू है, और यह जारी दक्षिण अफ्रीका ब्रिक्स के अमरीका-विरोधी रुख को बनाए रखता है, तो अतिरिक्त 10 प्रतिशत टैरिफ का जोखिम बना हुआ है। लेकिन ट्रम्प के इस टैरिफ कदम से ब्रिक्स में जो एकजुटता दिखाई दे रही है,उसे हम भविष्य के लिए एक शुभ संकेत कह सकते हैं। ब्राजील के साथ ही रूस, चीन तथा दक्षिण अफ्रीका जिस प्रकार से भारत के साथ खड़े दिखायी दे रहे हैं,वह भारत के लिए भी एक अच्छी खबर कही जा सकती है। चीन ने भारत पर ट्रम्प के टैरिफ को दबावपूर्ण—अब और अस्वीकार्य कहा, रूस ने इसे वैश्विक सहयोग रोकने में नाकाम संरक्षणवाद बताया, और दक्षिण अफ्रीका ने ब्रिक्स के भीतर मिलकर इसका जवाब देने पर जोर दिया। इसके अलावा, भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की मॉस्को यात्रा और उसके बाद पुतिन की निकट भविष्य में भारत यात्रा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 31 अगस्त से 1 सितंबर 2025 को चीन के टियांजिन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन की 25वीं बैठक में भाग लेने से भी भारत- चीन-रूस के बीच त्रिपक्षीय वार्ता की फिर से शुरूआत हो सकती है। इस प्रकार ब्रिक्स की इस एकजुटता को शायद ही ट्रम्प प्रभावित कर सवें बशत्रे ब्रिक्स देश भी अपने अन्तर्निहित विरोधों, शंकाओं एवं मतभेदों को भुलाकर अमरीकी टैरिफ के विरोध में खड़े हों। यदि ऐसा होता है तो यह न केवल ब्रिक्स के लिए बल्कि सम्पूर्ण विश्व समुदाय के लिए हितकर होगा।

# 'टेस्ट ड्राइव' मतलब मुंह मारना, विवादों में घिरे अनिरुद्धाचार्य ने दी सफाई

(जीएनएस)।

मथुरा-वृंदावन के प्रसिद्ध कथावाचक अनिरुद्धाचार्य महाराज के कथा के वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर खूब देखे जाते हैं। हाल ही में अनिरुद्धाचार्य महाराज ने महिलाओं की शादी और उम्र और उनके संबंधों को लेकर ऐसी टिप्पणी की, जिसके बाद वो विवादों में घिर गए। सोशल मीडिया पर लोगों ने प्रतिक्रियाएं व्यक्त करते हुए जमकर गुस्सा जताया।

अनिरुद्धाचार्य ने कहा था, "लड़कियों की शादी 25 साल की उम्र से पहले हो जानी चाहिए। क्योंकि शादी में देरी से लड़कियां "इधर-उधर मुँह मारती हैं" और उनके बॉयफ्रेंड बन जाते हैं।" जिस पर हंगामा मच गया और अब विवादों में घिरे अनिरुद्धाचार्य महाराज ने अपने बयान पर सफाई दी है।

मीडिया को दिए इंटरव्यू में अनिरुद्धाचार्य ने बताया कि कई लड़कियों ने उनके बयान पर आपत्ति जताई और कहा कि शादी से पहले 'टेस्ट ड्राइव' जरूरी है। जिस पर उन्होंने अपनी बात को ग्रामीण परिप्रेक्ष्य से जोड़ते हुए कहा, "भले ही शहरों में शादी से पहले के अफेयर को 'टेस्ट ड्राइव' कहा जाता हो, लेकिन ग्रामीण इलाकों की भाषा में इसे 'मुंह मारना' ही समझा जाता है।" उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणी को उसके सही संदर्भ में समझा जाना चाहिए। उन्होंने स्वीकार किया कि "मुंह मारना" जैसी ग्रामीण अभिव्यक्ति का उनका चुनाव शायद अनुचित रहा हो, लेकिन मूल संदेश वैध था।

अनिरुद्धाचार्य के मुताबिक, उनके पूरे छह मिनट के वीडियो का केवल 30 सेकंड का संपादित अंश दिखाया गया, जिससे विवाद पैदा हुआ। उन्होंने कहा मेरे शब्दों को गलत तरीके से समझा गया है और उनका विरोध भाषा के बजाय संतों के खिलाफ एक बड़े अभियान का हिस्सा है। अनिरुद्धाचार्य के अनुसार, उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है। उन्होंने दावा किया कि "मुंह मारना गलत शब्द नहीं" वाली उनकी टिप्पणी केवल चरित्रहीन पुरुषों और महिलाओं के लिए थी।

## संत प्रेमानंद का भी किया जिक्र



अनिरुद्धाचार्य बोले- मेरे शब्दों का नहीं, बल्कि संतों का विरोध हुआ

अनिरुद्धाचार्य ने कहा "चोर को चोर ना कहा जाए तो क्या कहा जाए।" माफी मांगने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वे वहीं माफी मांगते हैं, जहां गलत होते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनके बयान से केवल वे लोग नाराज थे, जो "चोर को चोर कहने" से असहज थे। उन्होंने कहा, "कुछ लोग मुझे महिला विरोधी बताते हैं, लेकिन वास्तव में मेरे शब्दों का नहीं, बल्कि संतों का विरोध हुआ। मेरा कोई विरोध नहीं कर रहा है।"

अनिरुद्धाचार्य ने भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन का भी किया जिक्र

कथावाचक ने आगे कहा कि जब भी कोई गुरु या माता-पिता बच्चों को समझाने का प्रयास करते हैं, तो उनकी भाषा अक्सर थोड़ी कठोर होती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता सुनाते हुए भी कड़े शब्दों का प्रयोग किया था, जैसे "तू क्यों नपुंसक बन रहा है, क्यों मैदान छोड़कर जा रहा है?"

अनिरुद्धाचार्य ने रामचरितमानस का भी जिक्र

अनिरुद्धाचार्य ने रामचरितमानस का जिक्र करते हुए कहा, "गुरु, सचिव और सलाहकार को हमेशा कड़े शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए, इसी से समाज सुधरता है।" उन्होंने यह भी जोड़ा कि यदि गुरु, सचिव या सलाहकार केवल मीठी बातें करने लगें, तो समाज का कभी भला नहीं हो सकता। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनका बयान एक गुरु और सलाहकार के तौर पर था, जिसका उद्देश्य समाज को सही दिशा देना था।

अनिरुद्धाचार्य ने गुरु प्रेमानंद जी महाराज का उदाहरण

अनिरुद्धाचार्य ने प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु प्रेमानंद जी महाराज का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्हें भी विरोध का सामना करना पड़ा था, जबकि उनके शब्द बेहद सम्मानजनक थे। उन्होंने इसे हिंदू संतों के खिलाफ चल रहे एक अभियान का प्रमाण बताया, न कि किसी विशिष्ट भाषा के खिलाफ।

पराई स्त्री या पुरुष की ओर न देखें

कथावाचक अनिरुद्धाचार्य ने बताया कि उन्होंने वही बातें कहीं जो भारतीय शास्त्रों और बड़े-बुजुर्गों द्वारा सिखाई जाती हैं। उन्होंने अपनी पत्नी या पति के प्रति वफादार रहने और पराई स्त्री या पुरुष की ओर न देखने की सलाह दी। उन्होंने बच्चों को चोरी और अन्य बुराइयों से बचने की शिक्षा देने पर भी जोर दिया। अनिरुद्धाचार्य ने समाज में बढ़ती अश्लीलता, जैसे अश्लील वीडियो, तस्वीरें और बॉलीवुड के गाने, पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ऐसी चीजें समाज को नुकसान पहुंचा रही हैं और इन पर रोक लगनी चाहिए।

# हाजीपुर में भावुक हुए चिराग पासवान, कहा- पिता के अधूरे सपनों को पूरा करना मेरा कर्तव्य

(जीएनएस)।

हाजीपुर में रविवार को केंद्रीय विद्यालय के अपने भवन के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम ऐतिहासिक माहौल में संपन्न हुआ। इस मौके पर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने अपने पिता, स्वर्गीय पद्मभूषण रामविलास पासवान को भावुक शब्दों में याद किया और उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प दोहराया।

श्रद्धांजलि से की कार्यक्रम की शुरूआत

भूमि पूजन से पहले चिराग पासवान ने हाजीपुर स्थित अपने पिता की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद हाजीपुर विधायक अवधेश सिंह और केंद्रीय विद्यालय संगठन के संयुक्त आयुक्त अनुराग भटनागर के साथ उन्होंने विधिवत भूमि पूजन एवं दीप प्रज्वलन किया। केंद्रीय विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर मंत्री का अभिनंदन किया और अपनी कला व प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

पिता के सपनों को साकार करने का संकल्प

जनसमूह को संबोधित करते हुए चिराग पासवान ने कहा, "यह क्षण हाजीपुर के लिए गर्व और आनंद का है। केंद्रीय विद्यालय का अपना भवन बनने का सपना मेरे पिता ने 90 के दशक से देखा था। उन्होंने हाजीपुर को अपनी मां माना और जीवनभर ईमानदारी से सेवा की। कई सपने अभी अधूरे हैं, और उन्हें पूरा करना मेरा पुत्र धर्म है।"

चिराग ने बताया कि 1977 में पहली बार सांसद बनने के बाद रामविलास पासवान ने शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। 2003 में



अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति मिली, लेकिन भवन के अभाव में विद्यालय को वर्षों कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

राजनीतिक और व्यक्तिगत संघर्ष की याद

चिराग ने 2009 से 2014 के कठिन दौर को याद करते हुए कहा कि उस समय विकास कार्यों की गति थम गई थी और केंद्रीय विद्यालय की पढ़ाई भी प्रभावित हुई। उन्होंने कहा, "मैं उस समय सांसद नहीं था, फिर भी 2022 में विद्यालय के संचालन को जारी रखने के लिए हरसंभव प्रयास किया। आज 2024 में सांसद बनने के बाद मेरा पहला लक्ष्य था कि इस भवन का निर्माण कार्य शुरू हो।"

आधुनिक शिक्षा का केंद्र बनेगा विद्यालय

चिराग पासवान ने स्पष्ट किया कि यह विद्यालय न सिर्फ पढ़ाई बल्कि खेल, संस्कृति और तकनीकी शिक्षा में भी उत्कृष्टता का केंद्र बनेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य शीघ्र पूरा होगा और सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि हाजीपुर व आसपास के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बाहर न जाना पड़े।

विपक्ष पर निशाना

अपने भाषण में चिराग ने राजद पर भी प्रहार करते हुए कहा, "राजद सांप्रदायिकता और जातीयता की राजनीति करती है और 'डल समीकरण' की बात करती है। हमारे पास भी 'ड-ल' समीकरण है - 'ड' से महिला और 'ल' से युवा। यही हमारी असली ताकत है, क्योंकि महिला दुनिया की सबसे बड़ी आबादी है और युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति।"

जनता का उत्साह


भूमि पूजन कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, अभिभावकों, बच्चों और पार्टी कार्यकताओं की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने इस पहल को हाजीपुर के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में बड़ा कदम बताते हुए चिराग पासवान के संकल्प का समर्थन किया।

हाजीपुर में केंद्रीय विद्यालय का यह नया भवन न सिर्फ शिक्षा के नए मानक स्थापित करेगा, बल्कि यह रामविलास पासवान के अधूरे सपनों और चिराग पासवान के दृढ़ संकल्प का प्रतीक भी बनेगा। यह पहल आने वाली पीढ़ियों को शिक्षा, अनुशासन और संस्कार का मजबूत आधार प्रदान करेगी।

# काशी विश्वनाथ मंदिर में बड़ा बदलाव, 10 अगस्त से नए नियम लागू, बनारस दर्शन से पहले जरूर पढ़ें ये खास खबर

(जीएनएस)।

काशी विश्वनाथ मंदिर ने अपने परिसर को प्लास्टिक फ्री बनाने का महत्वपूर्ण फैसला लिया है। 10 अगस्त 2025 से मंदिर परिसर में प्लास्टिक से बने सभी सामानों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। यह कदम न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उठाया गया है, बल्कि काशी को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए भी अहम है। इससे पहले श्रद्धालुओं की पूजा की थाली में अक्सर प्लास्टिक के उपयोग होने की शिकायतें मिलती थीं। नए नियमों के तहत अब पूजा के लिए कागज से बनी वस्तुओं का ही इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे मंदिर परिसर में प्लास्टिक कचरे का प्रभाव कम होगा।



वाराणसी में प्लास्टिक मुक्त अभियान पहले से ही जोर पकड़े हुए हैं, जिसमें नगर निगम द्वारा दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र ने बताया कि यह सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं बल्कि एक स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का उदाहरण होना चाहिए।

निम्नलिखित प्लास्टिक से बने सामानों पर पूरी तरह से प्रतिबंध (बैन) लगाया जाएगा

प्लास्टिक के रैपर

प्लास्टिक के कैरी बैग

फल और फूलों के लिए इस्तेमाल होने वाली पॉलिथीन

प्लास्टिक के लोटे (पानी पीने या पूजा में इस्तेमाल होने वाले)

पूजा सामग्री में शामिल कोई भी प्लास्टिक से बना सामान

ध्यान दें कि श्रद्धालु कागज से बने सामान मंदिर परिसर में ले जा सकते हैं। यह प्रतिबंध मंदिर परिसर को प्लास्टिक मुक्त और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए लागू किया गया है।

उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई

काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में प्लास्टिक के प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम द्वारा पहले ही प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। हाल ही में एक दुकान से 700 किलो से ज्यादा पॉलिथीन मिलने पर उस दुकानदार पर 50,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है।

अगर कोई श्रद्धालु या दुकानदार मंदिर परिसर में प्लास्टिक प्रतिबंध का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ आर्थिक दंड लगाया जा सकता है और भविष्य में कड़ी कार्रवाई की संभावना बनी रहेगी। इस कदम से प्लास्टिक उपयोग को कम करके काशी को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने में मदद मिलेगी।

क्यों लिया गया फैसला

काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में प्लास्टिक बैन लगाने का मुख्य उद्देश्य काशी को प्लास्टिक मुक्त और स्वच्छ बनाना है। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र के अनुसार, काशी विश्वनाथ धाम केवल एक आध्यात्मिक केंद्र नहीं है, बल्कि यह स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का भी आदर्श स्थल बन सकता है।

यह कदम पर्यावरण प्रदूषण को कम करने, मंदिर परिसर और आसपास के इलाकों को साफ-सुथरा बनाए रखने, और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। प्लास्टिक के उपयोग से उत्पन्न कचरा और प्रदूषण शहर के प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं, इसलिए इसे रोकने के लिए यह प्रतिबंध जरूरी था।

# महुआ मोइत्रा पर फिर फूटा कल्याण बनर्जी का गुस्सा, 'नीच स्तर है उसका, उस पर बात करना टाइम वेस्ट'

(जीएनएस)।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के लिए अपनी पार्टी के सांसदों के झगड़े को शांत कराना बड़ी चुनौती बन सकता है। हाई कमान के निर्देश के बावजूद कल्याण बनर्जी टीएमसी की महिला सांसद महुआ मोइत्रा पर जुबानी हमले का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। सीनियर लीडर बनर्जी ने कुछ दिन पहले ही लोकसभा में पार्टी व्हिप का पद छोड़ा है। महुआ से पहले वह कीर्ति आजाद को भी खरी-खोटी सुना चुके हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने पिनाकी मिश्रा और महुआ की शादी पर तंज कसा था।



कल्याण बनर्जी और महुआ मोइत्रा के बीच तकरार दिन पर दिन गहरी होती जा रही है। महुआ को घर तोड़ने वाली बता चुके बनर्जी ने कहा था कि उन्होंने किसी का बसा-बसाया घर उजाड़ दिया और मुझे नारी विरोधी बुलाती हैं। अब उन्होंने अपनी ही पार्टी की महिला सांसद को कहा है कि उनके बारे में बात करना समय की बबार्दी है।

टीएमसी के सीनियर नेताओं में शुमार और चार बार के सांसद कल्याण बनर्जी ने एक बार फिर महुआ मोइत्रा पर हमला बोला है। अपने निर्वाचन क्षेत्र श्रीरामपुर में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'वह महिला (महुआ मोइत्रा) इस लायक नहीं है कि उसके बारे में बात की जाए। वह बहुत निचले स्तर की है। उसके बारे में बात करना अपना समय बर्बाद करना है। सिर्फ उसकी वजह से पार्टी के अंदर ही कई लोग मुझे बुरा समझने लगे हैं।' बनर्जी इतने पर ही नहीं रुके और आगे उन्होंने कहा कि उस पर ध्यान देकर मैंने अपना समय बर्बाद किया है।

कल्याण बनर्जी लोकसभा के अंदर भी विवादित बयानों की वजह से चर्चा में रहे हैं। एक बार उन्होंने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को 'लेडी किलर' कहा था जिस पर केंद्रीय मंत्री बुरी तरह से भड़क गए थे। इसी तरह से संसद में उन्होंने कंगान रनौत पर निशाना साधते हुए कहा था, 'गुड एक्टर भी आए हैं, लेकिन मैं उनकी तरफ देख भी नहीं रहा हूं।' महुआ मोइत्रा से उनका विवाद पिछले काफी सालों से चल रहा है और जब टीएमसी सांसद जर्मनी से शादी कर लौटी थीं, तो उन्होंने तंज करते हुए कहा था कि हनीमून मनाकर आई और मुझसे लड़ने लगी।

# पाकिस्तानी इंफ्लुएंसर के पति को जेल, पति के बचाव में उतरीं आबीर रिजवी, जानिए क्या है पूरा मामला

(जीएनएस)।

ब्रिटेन के एक हाई-प्रोफाइल केस में, पाकिस्तान की मशहूर इंफ्लुएंसर आबीर रिजवी अपने पति सलमान इफ्तिखार के समर्थन में खुलकर सामने आई हैं। इफ्तिखार को हाल ही में वर्जिन अटलांटिक फ्लाइट पर एक फ्लाइट अटेंडेंट को जान से मारने और रेप की धमकी देने के मामले में 15 महीने की जेल हुई है। यह मामला न सिर्फ ब्रिटेन बल्कि पाकिस्तान में भी सुर्खियों में है, क्योंकि इफ्तिखार पर आरोप है कि उन्होंने उड़ान के दौरान शराब पीकर क्रू मेंबर के साथ बदसलूकी, धमकियां और नस्लीय टिप्पणियां कीं। वहीं, आबीर ने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट लिखकर उनके व्यवहार की वजह मानसिक स्वास्थ्य को बताया और लोगों से समझदारी दिखाने की अपील की।



इंस्टाग्राम और टिकटॉक पर 5 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स वाली रिजवी ने 7 अगस्त को एक पोस्ट में लिखा, "मेंटल हेल्थ मजाक नहीं है। हर कहानी के पीछे ऐसा दर्द होता है जो आप नहीं देख पाते। जज करने से पहले समझने की कोशिश करें। इंसानियत दिखाएं।"

सलमान इफ्तिखार, भर्ती फर्म 'स्टाफिंग मैच' के संस्थापक हैं। वे आबीर रिजवी के साथ-साथ ब्रिटेन में रहने वाली एरम सलमान के भी पति हैं। यह घटना 7 फरवरी 2023 को लंदन से लाहौर जा रही वर्जिन अटलांटिक की फ्लाइट में हुई थी। उस समय वे अपने तीन बच्चों के साथ फर्स्ट क्लास में सफर कर रहे थे। रिपोर्ट के मुताबिक, उड़ान के दौरान इफ्तिखार ने शराब पीकर क्रू मेंबर एंजी वॉल्श को 'रेसिस्ट' कहते हुए धमकियां दीं। उन्होंने लाहौर में वॉल्श के होटल का नाम लेकर कहा कि "तुम्हें बाल पकड़कर कमरे से घसीटा जाएगा, गैंगरेप कर जिंदा जला दिया जाएगा।" उन्होंने एक अन्य पुरुष क्रू मेंबर पर हमला करने की भी कोशिश की।

फ्लाइट अटेंडेंट्स ने किसी तरह इफ्तिखार को काबू किया। पाकिस्तान पहुंचने पर उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया, लेकिन मार्च 2024 में ब्रिटिश पुलिस ने उनके घर से गिरफ्तार किया।

# रजनीकांत की 'कूली' के मेकर्स की हुई बल्ले-बल्ले, रिलीज के पहले बजट का आधे से ज्यादा पैसा कमाया

(जीएनएस)।

रजनीकांत और उनकी फिल्म 'कूली' इन दिनों चर्चा में है। फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का क्लैश ऋतिक रोशन की 'वॉर 2' से हो रहा है। फिल्म का बज भी जबरदस्त है। एडवांस बुकिंग में भी फिल्म की जोरदार कमाई जारी है।

'कूली' में रजनीकांत के साथ श्रुति हासन और आमिर खान हैं। हालांकि आमिर का इसमें कैमियो है। इस फिल्म का बजट 375 करोड़ बताया जा रहा है। लेकिन फिल्म की रिलीज के पहले मेकर्स ने इसका आधे से ज्यादा पैसा कमा लिया है। वो कैसे ये हम आपको इस रिपोर्ट में बता रहे हैं।

पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार, रजनीकांत अभिनीत 'कूली' का बजट 375 करोड़ है। फिल्म ने अपने इंटरनेशनल, डिजिटल, म्यूजिक और सैटेलाइट राइट्स बेच कर लगभग ₹ 250 करोड़ पहले ही जुटा लिए हैं। फिल्म के इंटरनेशनल राइट्स 68 करोड़ में बेचे गए हैं। जो तमिल फिल्मों के लिए अब तक की दूसरी सबसे बड़ी डील है। इससे पहले लियो के राइट्स ज्यादा पैसे में बिके थे।



तमिलनाडु में 'कूली' का पहला शो सुबह 9 बजे से शुरू होगा। क्योंकि राज्य सरकार ने सुबह के शुरूआती शो पर प्रतिबंध लगा दिया है। हालांकि, केरल और कर्नाटक के कुछ चुनिंदा सिनेमाघरों में 14 अगस्त को सुबह 6 बजे से ही स्क्रीनिंग शुरू हो जाएगी। यह प्रतिबंध इसलिए लगाया गया था क्योंकि 2023 में 'थुनिवु' के पहले दिन के पहले शो के दौरान एक फैन की मौत हो गई थी।

सैकनिल्क की एडवांस बुकिंग आंकड़ों के मुताबिक, कूली ने पहले दिन भारी बढ़त हासिल कर ली है। पूरे भारत में 4.91 लाख टिकटों की बिक्री से 10.26 करोड़ रुपये की प्रभावशाली कमाई हुई है। फिल्म के तमिल वर्जन ने अकेले 4.88 लाख टिकटों के साथ 10 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है। जो साउथ में रजनीकांत की फैन फॉलोइंग का नतीजा है। हिंदी वर्जन ने लगभग 5 लाख रुपये, जबकि तेलुगु और कन्नड़ वर्जन ने क्रमशः 1.4 लाख रुपये और 42,000 रुपये की कमाई की है।

# मानव जीवन में माता और मातृभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज राजेश तिवारी

**माता ही मानव जीवन की प्रथम गुरु होती है।मातृभूमि से मानव जीवन की रुपरेखा शुरू होती है।**

( जीएनएस )।

प्रयागराज। मानव जीवन में माता और मातृभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है यह अभिव्यक्ति स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज मेजा प्रयागराज के ग्राम पंचायत बकचून्दा निवासी राजेश तिवारी ने अपने प्रियजनों के बीच माँ आदिशक्ति गड़बड़ा धाम ड्रामण्ड गंज मिजार्पुर के प्रांगण परिसर में कही।गौरदृष्टांकित कराते चले कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज श्री तिवारी अपने प्रियजनों के साथ माँ आदिशक्ति गड़बड़ा धाम ड्रामण्ड गंज मिजार्पुर पधारे हुए थे।माँ आदिशक्ति गड़बड़ा धाम माता रानी के दर्शनोंपरांत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज श्री तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानव जीवन में माता और मातृभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है क्योंकि यदि माँ ही न होती तो भला मानव इस पृथ्वी पर कैसे आ पाता ठीक उसी प्रकार मातृभूमि मनुष्य के परिचय का



द्योतक है।स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज श्री तिवारी ने आगे यह भी कहा कि माँ भगवती आदिशक्ति तो सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड की रचयिता है और माता रानी के ही प्यार दुलार में इस संसार के समस्त जीव जन्तु प्रसन्नता के साथ अपने कर्म में लिप्त हो अपने प्राप्त जीवन का निर्वहन कर रहे हैं।जन्म देने वाली माँ मानव जीवन में साक्षात माँ आदिशक्ति का स्वरुप हैं और इनकी सच्ची सेवा ही माँ भगवती आदिशक्ति की पूजा है।जन्म देने वाली माँ अत्यन्त कष्टों को सहकर अपने बालक को सद्मार्ग पर चलने की राह दिखाती है और सदा ही उसके कल्याण की कमाना हेतु ईश्वर से प्रार्थना करती रहती है।इस प्रकार माँ से सद्गुण एवं मातृभूमि से मानव को पहचान प्राप्त होती है।माता और मातृभूमि का ऋण मानव चाहकर भी कभी चुकता नही कर सकता।स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज श्री तिवारी ने आगे अपने व्यक्तव्य में यह भी कहा कि माता ही मानव जीवन में प्रथम गुरु होती है,मातृभूमि से मानव जीवन की रुपरेखा शुरू होती है। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी एवं संघ जिला संयोजक कुटुम्ब प्रबोधन यमुनापार प्रयागराज पं० धीरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज श्री तिवारी द्वारा माता एवं मातृभूमि की उपमा का वर्णन मानव जीवन में कितना उपयोगी है इसका वृत्तान्त बहुत ही सुन्दर एवं सर्वथा सत्य वाणी में वर्णित किया गया है।वास्तव में मानव जीवन में माता और मातृभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है।इस साहित्यिक परिचर्चा में माता एवं मातृभूमि के वृत्तान्त कथन के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज श्री तिवारी के साथ वरिष्ठ समाजसेवी पं० शेषमणि शुक्ला वरिष्ठ समाजसेवी एवं संघ जिला संयोजक कुटुम्ब प्रबोधन यमुनापार प्रयागराज पं० धीरेन्द्र पाण्डेय वरिष्ठ शिक्षाविद पं० पारस नाथ पाठक हिन्दू महासभा महामंत्री राकेश तिवारी शिक्षाविद कमलेश पाण्डेय एवं शिक्षाविद जोखू लाल पटेल सहित आस पास बहुत से माता रानी के भक्तगण मौजूद रहें।

# विश्व फाइलेरिया दिवस अभियान शुरू

( जीएनएस )।

कौशांबी। मूरतगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को विश्व फाइलेरिया दिवस अभियान की शुरूआत हुई। इस अवसर पर नगर पालिका भरवारी की अध्यक्ष कविता पासी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय सिंह ने फाइलेरिया की दवा खाकर अभियान का शुभारंभ किया।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कमलेश कुमार ने बताया कि विश्व फाइलेरिया दिवस अभियान 10 अगस्त से 28 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर सभी लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाएंगे। साथ ही फाइलेरिया के लक्षण वाले मरीजों को चिन्हित करके अस्पताल में रिपोर्ट करेंगे, जिससे उनका समुचित इलाज हो सके।फाइलेरिया एक संक्रामक रोग है जिसकी रोकथाम के लिए नियमित दवा सेवन आवश्यक है। इस अभियान का उद्देश्य फाइलेरिया को जड़ से खत्म करना और जागरूकता फैलाना है।

# मुसतफाबाद में नम् आँखों से मनाया गया यौमे गम – दूर-दराज से पहुँचीं अंजुमनें गूँजा मातमी माहौल

( जीएनएस )।

कौशाम्बी। मुसतफाबाद में इमाम हुसैन की याद में यौमे गम का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और बड़े मातमी जोश के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के कोने-कोने से आई अंजुमनों ने भाग लेकर मातमी माहौल को और भी गमगीन बना दिया।इस अवसर पर अनजुमन अजाए हुसैन (उन्नाव) अनजुमन अब्बासिया (फैजाबाद) अनजुमन जैनुल एबा (रायबरेली) अनजुमन जाफरिया (फतेहपुर) अनजुमन हैदरी (अमरोहा) अनजुमन सज्जादिया (जौनपुर) अनजुमन गुलजारे कासिमिया सहित कई अन्य अंजुमनों ने हिस्सा लिया। जुलूस में ताबूत-ए-इमाम हुसैन जुलजनाह और अलम की ज़ियारत कर अजादारों की आँखें नम हो गईं। सभी अजादारों ने मिलकर बीबी फातिमा जहरा को उनके लाल का पुरसा पेश किया।मजलिस की





शुरूआत सोज-ओ-सलाम से हुई जिसे जनाब रिफाकत हुसैन महताब हुसैन शहकार हैदर और मोहम्मद हशम ने पेश किया। जनाब शाहिद मुसतफाबादी बूतराब हुसैन जफर अजहरवी और मोहम्मद आरिज ने भी पेशखानी की। इसके बाद हुज्जतुल इस्लाम मौलाना जमीर हसन साहब करारवी ने मजलिस पढ़ी वहीं मौलाना सफदर साहब ने तकरीर पेश की। अब्बास इलाहाबादी ने परचम की ज़ियारत करवाई जिसके बाद विभिन्न अंजुमनों ने नौहा और मातम किया। जुलूस में हर समुदाय के लोगों की मौजूदगी ने गंगा-जमुनी तहजीब का सुंदर उदाहरण पेश किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सयोजक फैज़ियाब हुसैन मुन्ना रिजवी प्रधान प्रतिनिधि शाहिद हुसैन मजहर अब्बास आलम ताब हुसैन नजमुल हसन बदर अब्बास बूतराब हुसैन अली रजा जहदार हुसैन कैफी मुननन खुरशीद आलम रिजवान आरिफ मोहम्मद आरिफ इंतजार हुसैन हैदर अब्बास नकवी मोहम्मद नजफी साहिल आरिज मायल शारिब लारेब आलम अब्बास नैयर रिजवी माब आदि ने मिलकर सभी आई हुई अंजुमनों का खैर-मकदम किया।

# यमुना में बढ़े जलस्तर ने बढ़ाई लोगों की धड़कनें, पार्षद ने किया निरीक्षण : पार्षद ने लोगों से की सचेत रहने की अपील, लगातार बढ़ रहा यमुना का जलस्तर

मथुरा (जीएनएस)। पहाड़ों में हो रही लागतार बारिश से यमुना के जलस्तर में बढ़ोत्तरी से खादर में रहने वाले लोगों की धड़कनें तेज कर दी हैं। रविवार को यमुना के जलस्तर की स्थिति का निरीक्षण करने के लिए अपने समर्थकों और स्थानीय वाशिंदों के साथ पार्षद एवं कैबिनेट सदस्य राकेश भाटिया पहुंचे। यमुना किनारे निरीक्षण करते हुए पार्षद ने स्थानीय वाशिंदों को सचेत रहते की अपील की। पार्षद राकेश भाटिया ने अधिकारियों से बातचीत की तो उन्हें जानकारी मिली कि संभवतः यमुना के जलस्तर में अभी और बढ़ोत्तरी होगी। पार्षद ने बताया कि वर्ष 2023 में बाढ़ के चलते



खादर के वाशिंदों का आर्थिक नुकसान काफी हुआ था और वहीं मानसिक एवं शारीरिक कष्ट भी यहां की जनता ने झेला था। इसके बावजूद समाजसेवी प्रमोद कसेरे समेत अन्य समाजसेवियों ने आगे आकर बाढ़ पीड़ितों की मदद की थी लेकिन आज तक नुकसान का मुआवजा शासन ने किसी को नहीं दिया। पार्षद ने कहा कि ऐसी प्राकृतिक आपदा से प्रभु बचाए, जिससे कि जनता का नुकसान होने से बच सके। इसी के साथ पार्षद राकेश भाटिया समेत स्थानीय वाशिंदे भी यमुना के जलस्तर पर पूरी निगाह बनाए हुए हैं। निरीक्षण के दौरान पार्षद राकेश भाटिया के साथ दिनेश शर्मा एडवोकेट, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रवि शर्मा, विक्रांत गौड़, सत्येंद्र सिंघल, सोनू कुमार, महावीर गौड़, आशु खंडेलवाल, श्याम बघेल, फुरकान, मास्टर बदरुद्दीन, हनीफ, रहीसुद्दीन, इरशाद, आबिद, डा. जुल्फिकार और सोनू खांन मौजूद रहे।

# रेलवे ट्रैक पर युवक और युवती के क्षत-विक्षत शव मिलने से फैली सनसनी : शवों की नहीं हो सकी पहचान

मथुरा (जीएनएस)। थाना हाईवे क्षेत्र स्थित नरहौली पुल के पास रेलवे ट्रैक पर रविवार सुबह अज्ञात युवक और युवती के शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक-युवती के शव पड़े मिलने पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर हाईवे पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने शवों की पहचान कराने के बहुत प्रयास किए लेकिन मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब 7 बजे कुछ लोग टहलने के लिए नरहौली पुल के पास रेलवे ट्रैक की ओर गए तो उन्हें पुल के पास एक युवक और युवती के शव पड़े हुए दिखाई दिए। युवक और युवती के शव क्षत-विक्षत हालत में पड़े हुए थे। बताया जाता है कि मृतक युवक की उम्र करीब 26 वर्ष और युवती की उम्र करीब 22 वर्ष है। मृत युवक के हाथ पर नेम सिंह लिखा हुआ है। पुलिस ने शवों की तलाशी ली तो दोनों के पास से कोई पहचान पत्र, मोबाइल या अन्य कोई कागजात नहीं मिले। इस कारण मृतकों की पहचान में नहीं हो सकी है। इस संबंध में थाना प्रभारी हाईवे शैलेंद्र सिंह ने बताया कि मृतकों के पास से कोई भी दस्तावेज नहीं मिलेगा हैं, इस कारण भी शवों की पहचान करने में परेशानी आ रही है। कहा कि आस-पास के थानों के साथ सोशल मीडिया पर युवक और युवती के फोटो प्रसारित कराए जा रहे हैं, जिससे जल्द शवों की पहचान हो सके। उन्होंने कहा कि शवों की शिनाख्त होने के बाद ही पता चल सकेगा कि मृत युवक और युवती के बीच क्या रिश्ता था और कहां के रहने वाले हैं।


# सुपुर्द ए खाख हुई सपा नेता की दादी नम आंखों से दी सभी लोगों ने दी अंतिम विदाई

**मिट्टी देने वालों में जनसत्ता पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव शैलेन्द्र कुमार बी जे पी के वरिष्ठ नेता चंद्र बलि सिंह पटेल सहित तमाम नेता रहे मौजूद**

(जीएनएस)।

कौशांबी। नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत कस्बा भरवारी के समाज वादी पार्टी के जिला महासचिव गुलाम हुसैन की दादी का शनिवार को निधन हो गया था 'आज रविवार को जौहर की नवाज के बाद दादी मा को अपने सभी नाथ रिश्तेदार के साथ मिलकर दादी मा को सुपुर्द ए खाख किए गया '

इस मौके पर जनसत्ता पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव एवं पूर्व सांसद शैलेन्द्र कुमार करारी चेयर मैन शमशाद मौला बख्श बी जे पी के वरिष्ठ नेता चंद्र बलि सिंह पटेल पूर्व चेयर मैन कैलाश केशरवानी व्यापार सभा



के जिला अध्यक्ष संतोष इंदर पूर्व जिला अध्यक्ष जनसत्ता पार्टी एवं वर्तमान समाज वादी पार्टी के नेता माजिद भाई जिला उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय महा मंत्री रमेश अग्रहरि डॉ अशलम भाई रेहान अहमद आदि हजारों लोगों ने सपा नेता की दादी को नाम आंखों से अंतिम विदाई दी इस मौके पर भरवारी की मोहल्ले के दुकानदारो ने दुकान बंद कर रखी थी वही जनसत्ता दल के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव शैलेन्द्र कुमार समदा निवासी जावेद भाई के निधन में शरीक होने समदा पहुंचे।

# शादी का दबाव बनाने पर प्रेमी ने दोस्त के साथ की थी महिला की हत्या : राया पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर का किया खुलासा

**हत्यारोपी प्रेमी समेत दो भेजे जेल**

मथुरा (जीएनएस)। थाना राया क्षेत्र स्थित नगला विजयी के पास महिला की हत्या करके शव फेंकने वाले हत्यारोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करके हत्याकांड का खुलासा कर दिया। महिला के ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करने के लिए राया पुलिस पूरे जोर-शोर से हत्यारोपियों का सुराग तलाशने में लगी हुई थी। मृतका विवाहिता थी और ऑटो चालक से उसके अवैध संबंध बन गए थे। शादी करने की जिद करने पर प्रेमी ने दोस्त के साथ मिलकर महिला की हत्या की था। जानकारी के अनुसार विगत 7 जुलाई को थाना राया के नगला विजयी के पास एक महिला का शव पड़ा हुआ मिला था। राया पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद उसकी शिनाख्त करने के लिए मशक्कत की तो मृतका की पहचान वेदप्रकाश जाटव निवासी गांवों नरहौली थाना हाईवे की पत्नी के रूप में हुई। इसके बाद थाना प्रभारी राया अजय कौशल और कस्बा चौकी प्रभारी निशांत पायल पुलिस टीम के साथ महिला की हत्या करने वाले हत्यारोपियों को दबोचने के लिए सुराग तलाश रहे थे। उसी बीच पुख्ता सबूत



उनके हाथ लग गए। इसके बाद थाना प्रभारी अजय कौशल और कस्बा चौकी प्रभारी निशांत पायल पुलिस टीम के साथ महिला की हत्या करने वाले हत्यारोपियों की तलाश में जुटे हुए थे। उसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि घटना को अंजाम देने वाले हत्यारोपी, पुलिस से बचने के लिए जनपद छोड़कर भागने वाले हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अजय कौशल और कस्बा चौकी प्रभारी निशांत पायल पुलिस टीम के साथ गांव कोयल के समीप बरेली-जयपुर हाईवे के ओवरब्रिज के पास पहुंच गए। पुलिस की गाड़ी को देखते ही वहां खड़े हत्यारोपी भागने लगे। पुलिस टीम ने भागने का प्रयास कर रहे हत्यारोपी शकील पुत्र जावेद निवासी सुखदेवनगर, मस्जिद के पीछे ज्योति नगर, पूजा मेडीकल वाली गली बीएसए रोड़ थाना कोतवाली, मथुरा और चन्द्रवीर पुत्र गौरीशंकर निवासी सौंख रोड़, पालीखेड़ा, सलेमपुर बैकुंठ विहार थाना हाईवे, मथुरा को घेराबंदी करके दबोच लिया। बताते चलें कि ग्राम चौकीदार मोहन पुत्र कुमरपाल निवासी ककरैटिया थाना राया ने विगत 7 जुलाई को सूचना दी थी कि नगला विजयी से पहले नहर के किनारे अज्ञात महिला का शव पड़ा हुआ है। महिला का शव देखने से लग रहा था कि किसी ने उसकी हत्या करने के बाद शव को नहर के किनारे फेंका है। पुलिस ने पकड़े गए हत्यारोपियों से सख्ती बरतते हुए पूछताछ की तो पकड़े गए हत्यारोपी शकील कुरैशी ने बताया कि मृतका से उसके अवैध संबंध हो गए थे। हत्यारोपी प्रेमी शकील कुरैशी ने बताया कि मृतका उसके ऊपर शादी करने का दबाब बना रही थी। इस कारण उससे पीछा छुड़ाने के लिए हत्यारोपी प्रेमी शकील कुरैशी ने अपने दोस्त चन्द्रवीर के साथ मिलकर मृतका की गला दबाकर हत्या करने के बाद शव को नगर किनारे फेंक दिया था। पुलिस ने पकड़े गए हत्यारोपियों के पास से हत्या में प्रयुक्त रस्सी बरामद कर ली है। पुलिस ने पकड़े गए हत्यारोपियों के खिलाफ कार्रवाई करके जेल भेज दिया है।

# भारत की प्रगति में बाधा बन रही हैं विदेशी ताकतें : व्यापारियों ने लिया विदेशी भगाओ, स्वदेशी अपनाओ का संकल्प

मथुरा (जीएनएस)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित और आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रहा है। इसी प्रगति और विकास से परेशान होकर तमाम विदेशी ताकतें भारत की प्रगति राह में रोड़ा अटकाने के लिए षड्यंत्र रच रही हैं। इसीक्रम में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 50 प्रतिशत टैरिफ लगाकर सभी देसवासियों को चुनौती दी है। इससे पूर्व चीन, तुर्की और पाकिस्तान आदि भी भारत की बढ़ती हुई ताकत को रोकने के लिए बाधा उत्पन्न करते रहे हैं। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के आ'ान पर विदेशी ताकतों की इन चुनौती को स्वीकार करते हुए 9 अगस्त "अंग्रेजों भारत छोड़ो" की भांति विदेशी भगाओ स्वदेशी अपनाओ का संकल्प व्यक्त करते हुए योगीराज भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं देश के वरिष्ठ व्यापारी नेता रविकांत गर्ग के नेतृत्व में नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के तत्वावधान में सैकड़ो व्यापारियों ने स्वदेशी के क्रय-विक्रय, प्रचार-प्रसार और हर घर स्वदेशी, हर युवा और महिला उद्यमी व्यापारी का शंखनाद





करके देशवासियों और व्यापारियों को संदेश दिया गया है। इस अवसर पर श्री गर्ग ने देश के सभी उद्यमी, व्यापारियों, छोटे-बड़े कारोबारी, व्यवसाई एमएसएमई, स्टार्टअप और विवाहित महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि वर्तमान चुनौती को स्वीकार करते हुए विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत एवं समृद्ध और सुरक्षित उत्तर प्रदेश की तरफ बढ़ते हुए कदमों को रुकने नहीं देंगे, अपनी शक्ति और समर्थ का उपयोग करके स्वदेशी का उपयोग, व्यापार और उत्पादन बढ़ाने का कार्य करेंगे। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने व्यापारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। संपूर्ण नगर में हर व्यवसाय समिति में इस आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा। वहीं मंडल के नगर महामंत्री शशिभानु गर्ग ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान से नगर में इस अभियान की शुरूआत होने के बाद नगर की लगभग चार दर्जन से भी अधिक इकाइयों में स्वदेशी का जागरण प्रारंभ किया जाएगा। जिसमें सभी स्तर के व्यापारियों को जोड़कर इस अभियान को गति दी जाएगी। इस अवसर पर शपथ लेने वाले व्यापारियों में मुख्य रूप से नगर उपाध्यक्ष रामचंद्र खत्री, राज नारायण गौड़, दिलीप पांडेय, सुनील साहनी, भगवान चतुर्वेदी, मीणालाल बजाज, श्रीकृष्ण जन्मस्थान व्यवसाय समिति के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, विकास जिंदल, प्रेम शंकर अग्रवाल, नागेंद्र वर्मा, मिलन भाटिया, केदार खंडेलवाल और शैलेश खंडेलवाल समेत बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# वजूद न रखने वाले 115 राजनीतिक दलों को भारत निर्वाचन आयोग ने पंजीकृत राजनीतिक दलों की सूची से किया बाहर

(जीएनएस)।

कौशाम्बी। 9 अगस्त ,2025 के अपने आदेश द्वारा भारत निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2019 से लगातार 6 वर्षों तक विधानसभा एवं लोकसभा का कोई भी चुनाव न लड़ने वाले और उत्तर प्रदेश में स्थित अपने पंजीकृत पते पर वजूद न रखने वाले 115 राजनीतिक दलों को भारत निर्वाचन आयोग ने पंजीकृत राजनीतिक दलों की सूची से बाहर किया सूची से बाहर निकल गए 115 राजनीतिक दल लोक प्रतिनिधित्व



अधिनियम 1951 की धारा 29 बी एवं धारा 29 सी के साथ पठित आयकर अधिनियम 1961 के सुसंगत प्राविधानों एवं चुनाव चिन्ह (आरक्षण एवं आवंटन) आदेश 1968 के अंतर्गत राजनीतिक दलों को मिलने वाले किसी भी लाभ को प्राप्त करने के हकदार नहीं रहेंगे राजनीतिक दलों को सूची से बाहर करने के भारत निर्वाचन आयोग के आदेश से क्षुब्ध कोई भी पक्ष आदेश की तिथि से 30 दिनों के भीतर आयोग को अपील कर सकता है ।